समाचार

# अधोसंरचना मद सहित अन्य निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति में तेजी लाएं–आयुक्त

## (आयुक्त श्री राहुल देव ने अधिकारियों की बैठक लेकर की निगम के विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा)



कोरबा 01 नवम्बर 2019–आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के जोन कमिश्नरों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अधोसंरचना मद सहित अन्य मदों के अंतर्गत निगम द्वारा कराए जा रहे विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति में अपेक्षित तेजी लाएं, कार्य की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि कार्य तय समयसीमा के अंदर पूर्ण हों, ताकि इन कार्यो का लाभ आमजन को समय पर प्राप्त हो सके।

उक्त निर्देश आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के जोन कमिश्नरों, अभियंताओं व अधिकारियों की बैठक के दौरान दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आयुक्त श्री देव ने अधिकारियों की बैठक लेकर निगम के विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं से जुड़े कार्यो, जन शिकायतों व जन समस्याओं से संबंधित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन सहित निगम के अन्य विविध कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की तथा कार्यो में आवश्यक गति लाने के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया। बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने अधोसंरचना मद, वित्त आयोग मद, जिला खनिज न्यास, पार्षद मद, महापौर निधि, प्रभारीमंत्री मद, विधायक मद, मरम्मत एवं संधारण, प्रधानमंत्री आवास योजना, निगम मद सहित अन्य विविध मदों के अंतर्गत प्रगतिरत, प्रस्तावित विकास व निर्माण कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यो की कार्यप्रगति में आवश्यक तेजी लाएं, कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें तथा निर्धारित समयसीमा में कार्यो को पूरा करें। बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने राजीव आश्रय योजना के अंतर्गत किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य की कार्यप्रगति की जोनवार समीक्षा की तथा त्रुटिरहित सर्वे कार्य संपादित कराते हुए सर्वे कार्य को समयसीमा के अंदर अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

<u>जनशिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ</u>– बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने निदान 1100 के तहत प्राप्त शिकायतों, लोक सेवा गांरटी के तहत प्राप्त प्रकरणों व शिकायतों, समयसीमा के प्रकरणों, कलेक्टर टी.एल. व जनदर्शन से प्राप्त प्रकरणों, शासन से प्राप्त पत्रों तथा अन्य शिकायतों व समस्याओं के निराकरण की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनशिकायतों व समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें एवं समयसीमा का ध्यान रखें।

**नागरिक सुविधाओं पर विशेष फोकस**– आयुक्त श्री देव ने नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो यथा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था कार्य, सड़क रोशनी व्यवस्था, नल कनेक्शन, साफ–सफाई व्यवस्था सहित अन्य नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़ें कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों से कहा कि आमजन को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न नगर पालिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो पर विशेष फोकस रखें, व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त करें तथा इनसे जुड़े कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर संपादित कराएं।

**सड़क मरम्मत कार्यो को और अधिक गति दें**– बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने निगम क्षेत्र की मरम्मत योग्य सड़कों के किए जा रहे मरम्मत कार्यो की समीक्षा की तथा जोन कमिश्नरों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क मरम्मत के कार्यो को और अधिक गति दें, डामरीकरण व सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से आवश्यकतानुसार सड़कों के मरम्मत का कार्य कराएं तथा निगम क्षेत्र की सभी मरम्मत योग्य सड़कों के मरम्मत का कार्य शीघ्र से शीघ्र पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

**स्वच्छता कार्यो में और अधिक बेहतरी लाएं**– आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के साफ–सफाई कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता कार्यो में और अधिक बेहतरी लाएं तथा कार्यो की निरंतर व नियमित मानीटरिंग करें, साथ ही यह सुनिश्चित करें कि सफाई कार्य निर्धारित पैमानों के अनुरूप संपादित हों रहे हैं। उन्होने मिशन क्लीन सिटी, स्वच्छ सर्वेक्षण 2020, सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों के संचालन, एस.एल.आर.एम.सेंटरों की व्यवस्थाओं व उनके संचालन, डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण, गीले कचरे से खाद के निर्माण, नालियों की सफाई, कचरें के एकत्रीकरण, परिवहन एवं उसके उचित निष्पादन आदि से संबंधित किए जा रहे कार्यो की विस्तार से समीक्षा की तथा कार्यो की बेहतरी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक टिप्स दिए।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, कार्यपालन अभियंता एम.के.वर्मा, ए.के. शर्मा, एम.एन.सरकार, आर.के.माहेश्वरी, आर.के. चौबे, भूषण उरांव, निगम सचिव पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर, सुनील वर्मा, अखिलेश शुक्ला, योगेश राठौर, पीयूष राजपूत, आनंद राठौर आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।